दिन– मंगलवार  दिनांक– 12 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।  अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दरभंगा के शोभन में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स की आधारशिला रखेंगे। कई रेल परियोजना राष्ट्र को करेंगे समर्पित।

02. प्रदेश की चार विधानसभा सीटों– बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए मतदान कल। सुरक्षा के किये गए व्यापक प्रबंध।

03. राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने लगातार दूसरी जीत हासिल की। कोरिया को तीन–दो से किया पराजित।

04. और, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आकांक्षी जिला कटिहार तथा केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने बेगूसराय जिले में विकास कार्यों की समीक्षा की।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दरभंगा के शोभन में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स के निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे। दरभंगा एम्स पटना के बाद बिहार का दूसरा एम्स होगा। इसके निर्माण के लिए केन्द्र सरकार ने एक हजार दो सौ इकसठ करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराई है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–––

–––रिपोर्ट–––

एम्स निर्माण के शिलान्यास समारोह को लेकर दरभंगा पूरी तरह तैयार है। इसके साथ ही कल मिथिला के लोगों की एक पुरानी मांग पूरी होगी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कर कमलों से निर्माण कार्य की शुरुआत करेंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए एक सौ सत्तासी एकड़ से अधिक भूमि एम्स को ट्रांसफर की है। अस्पताल के निर्माण कार्य को छत्तीस महीने के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इधर, प्रधानमंत्री कल ही दरभंगा में आयोजित एक कार्यक्रम से दरभंगा बाईपास रेललाइन का भी उद्‌घाटन करेंगे। नौ दशमलव चार–आठ किलोमीटर लंबी यह परियोजना शिशो हॉल्ट से काकरघाटी को जोड़ती है। इसके चालू होने से दरभंगा में यातायात सुगम होगा। इसके अलावा श्री मोदी झंझारपुर–लौकहा बाजार रेलखंड भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

प्रधानमंत्री दरभंगा से ही वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से औरंगाबाद जिले में सोननगर बाईपास के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी सुगौली–वाल्मीकीनगर दोहरीकरण परियोजना के एक भाग के रूप में हरिनगर–भैरोगंज रेलखंड और कुमारबाग–चनपटिया–साठी रेलखंड राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके अलावा श्री मोदी लखीसराय जिले में कुरौता पतनेर–मनकट्ठा सरफेस ट्रायंगल राष्ट्र को

समर्पित करेंगे। श्री मोदी एक सौ चौवालीस करोड़ रूपये की लागत से पटना के बख्तियारपुर में नवनिर्मित फ्लाई ओवर का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर जन औषधि केंद्र का भी उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————

दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर ने कहा है कि दरभंगा एम्स के निर्माण से मिथिला के साढ़े आठ करोड़ लोगों की उम्मीदें पूरी होगी। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने कहा कि कल का दिन मिथिला के इतिहास का एक ऐतिहासिक दिन होगा।

———बाईट———

———————————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने कहा है कि दरभंगा में एम्स के निर्माण से मिथिला के लोगों को बेहतर इलाज के लिए कहीं बाहर नहीं जाना होगा।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए कल सुबह सात बजे से मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन चारों विधानसभा क्षेत्रों में एक हजार दौ सौ सतहत्तर मतदान केंद्रों पर बारह लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उप चुनाव में कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। वहीं, भाकपा माले एक सीट पर मुकाबले में है। एनडीए खेमे से भाजपा दो सीट पर जबकि जदयू और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा एक एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। बहुजन समाज पार्टी ने दो, जबकि जनसुराज पार्टी ने सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

बिहार की चारों विधानसभा सीटों पर कल होने वाले मतदान मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। चारों विधानसभा सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन के बीच है। पिछली बार तरारी, रामगढ़ और बेलागंज की सीटों पर सीपीआई माले और राष्ट्रीय जनता दल ने कब्जा जामया था। वहीं गया जिले की इमामगंज सीट पर हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रत्याशी को जीत हासिल हुई थी। रामगढ़ से अजीत कुमार सिंह, इमामगंज से दीपा कुमारी, तरारी से राजू यादव और विशाल प्रशांत इस उपचुनाव में प्रमुख उम्मीदवार

हैं। चुनावी राणनीतिकार प्रशांत की सुर्खी पार्टी जनसुराजवी चारों सीटों पर पहली बार चुनाव लड़ रही है। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

गया से हमारे संवाददाता ने बताया कि इमामगंज और बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

———रिपोर्ट———

सुरक्षा की दृष्टि से इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के तीन सौ सत्रह मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। वहीं, शेष उनतीस मतदान केंद्रों पर मतदान का समय शाम छह बजे तक निर्धारित है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर शाम छह बजे तक मतदान होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह–जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम. ने बताया कि मतदान कर्मियों को ईवीएम–वीवीपैट और अन्य मतदान सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर भेज दिया गया है। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र के पांच संवेदनशील मतदान केंद्रों के मतदान कर्मियों और सुरक्षा कर्मियों को हेलिकॉप्टर से भेजा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

कैमूर से हमारे संवाददाता ने बताया कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान कर्मियों को रवाना कर दिया गया है।

————रिपोर्ट———

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल दो सौ चौरानवे मतदान केंद्रों पर दो लाख नवासी हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिलाधिकारी सावन कुमार और पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। साथ ही मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, शेड और रैंप की व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से श्रीकांत पांडेय।

इधर, भोजपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि तरारी विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———रिपोर्ट———

भोजपुर जिले के तरारी विधानसभा क्षेत्र में कुल तीन सौ बत्तीस मतदान केंद्र बनाए गये हैं, जहां तीन लाख आठ हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बताया कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। इधर, जिला प्रशासन ने मतदान से एक दिन पहले ही जिला नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया है। आकशवाणी समाचार के लिए आरा से मुकेश कुमार सिन्हा।

————————————————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने लोगों से बढ़–चढ़ कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट———

————————————————————————————

राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की टीम ने लगातार दूसरी जीत हासिल की है। आज भारत की टीम ने कोरिया को एक रोमांचक मुकाबले में तीन–दो से पराजित किया। भारत ने कल मलेशिया के खिलाफ जीत हासिल की थी। इधर, एक अन्य मुकाबले में थाईलैंड और जापान के बीच मैच एक–एक से टाई रहा। वहीं, चीन ने मलेशिया को एकतरफा मुकाबले में पांच–शून्य से पराजित कर दिया।

————————————————————————————

केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज आकांक्षी जिला कटिहार में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद श्री गुर्जर ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और आधारभूत संरचना समेत अन्य तय मानकों पर काम हो रहा है और इसकी बेहतर उपलब्धियां हासिल हो रही हैं।

———बाईट———

इधर, आकांक्षी जिला बेगूसराय में भी आज केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने विकास कार्यों की समीक्षा की। संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार आकांक्षी जिलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

————————————————————————————

सोनपुर रेल मंडल ने मुजफ्फरपुर और बरौनी सहित डिवीजन के अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वाले सभी यात्रियों से धैर्य बरतने की अपील की है। सोनपुर के वरिष्ठ वाणिज्य अधिकारी रौशन कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत कहा कि भगदड़ से बचने के लिए होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। सभी भीड़ भाड़ वाले स्टेशनों पर पर्याप्त सुविधाएं है और बड़ी संख्या में विशेष ट्रेन चलायी जा रही है। उन्होंने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन से भी संपर्क कर एक हॉटलाईन स्थापित किया गया है।

———बाईट———

————————————————————————————

छठ महापर्व के बाद अपने कार्य स्थलों की ओर लौट रहे लोगों की सुविधा के लिए रेलवे ने विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन के साथ–साथ रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की व्यवस्था की है। रेलवे की ओर से की गई व्यवस्थाओं पर यात्रियों ने प्रसन्नता जताई है।

–––वॉक्सपॉप–––

————————————————————

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उन्नीस सौ सैंतालीस में ऑल इंडिया रेडियो, दिल्ली, अब आकाशवाणी के स्टूडियो में पहली और अंतिम बार आने की याद में मनाया जाता है।

————————————————————

आज देवोत्थान एकादशी है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन भगवान विष्णु चार महीने बाद योग निद्रा से जगते हैं। इसके साथ ही चतुर्मास का समापन होता है और मांगलिक कार्यों की शुरूआत होती है। आज के दिन तुलसी–शालीग्राम विवाह की भी परंपरा है।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दरभंगा के शोभन में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स की आधारशिला रखेंगे। कई रेल परियोजना राष्ट्र को करेंगे समर्पित।

02. प्रदेश की चार विधानसभा सीटों– बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए मतदान कल। सुरक्षा के किये गए व्यापक प्रबंध।

03. राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने लगातार दूसरी जीत हासिल की। कोरिया को तीन–दो से किया पराजित।

04. और, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आकांक्षी जिला कटिहार तथा केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने बेगूसराय जिले में विकास कार्यों की समीक्षा की।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।